# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

"मिशन शक्ति अभियान फेज - 4.0" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 02.10.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।



# पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 02.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 02.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## महोबा पुलिस द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती-

आज दिनांकः- 02.10.2024 को श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर उनके चित्र में माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया गया व सलामी दी गयी, तदोपरांत मौजूद सभी अधि0/कर्म0 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन चरित्र तथा उनके द्वारा दिखाये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने, उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया और उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने एवं सत्यनिष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, "महात्मा गांधी" के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में कई ऐसे निर्णय ले सकते हैं जिससे लोगों का भला हो, जब भी हमें कोई निर्णय लेना होता है जब हमें समझ नहीं आ रहा होता है कि क्या निर्णय लिया जाए... इस पर गांधी जी का कहना था कि हम अपने जीवन मे सबसे गरीब, लाचार, पीड़ित व्यक्ति जिससे भी हम मिले हों उसका चेहरा हम संकल्प करें और सोचे कि क्या मेरे निर्णय से उस व्यक्ति के जीवन में कोई सुधार आयेगा और यदि उस निर्णय का जवाब हां है तो हमें निश्चित रुप से वही निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा, कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी पूरी मेहनत, लगन, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। सभी पुलिसकर्मियों के परिवार एवं उनके जीवन में अच्छी सेहत और खुशहाली की कामना की गई है। इस दौरान स्वच्छता के योद्धा सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया है।

श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर दोनो महापुरुषों के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित करते हुए सभी को राष्ट्रीय एकता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे द्वारा थाना कोतवाली नगर, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ द्वारा थाना चरखारी, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा थाना कुलपहाड़ में तथा जनपद के प्रत्येक थाना/चौकी में भी सम्बन्धित प्रभारी द्वारा महात्मा गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन करते हुए हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनायी गयी व राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलायी गयी।










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 02.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## जनपदीय एसओजी एवं थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट/डकैती की योजना बना रहे आपराधिक प्रवृत्ति के 05 नफर शातिर अभियुक्तों को घटना को अंजाम देने से पूर्व किया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा, 10 जिन्दा कारतूस, लोहे की राड, बांस का डंडा व वैगनार कार की गई बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद में लूट/डकैती की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने व ऐसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी व थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीम ने एक अच्छा सराहनीय कार्य करते हुए 05 नफर शातिर अभियुक्तों को फायर ब्रिगेड तिराहा रेलवे स्टेशन रोड़ कुलपहाड़ के पास से पकड़ा गया है, ये सभी अभियुक्त लूट/डकैती की घटना कारित करने के प्रयास में थे, इनके पास से अवैध तमंचा व भारी संख्या में जिन्दा कारतूस, लोहे की राड, बांस का डंडा एवं वैगनार कार की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद जालौन, हमीरपुर व महोबा में पूर्व में भी कई आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं, जनपदीय पुलिस की इस सफलता से जनपद में एक बड़ी घटना को होने से पूर्व रोका जा सका है, जिससे आमजनमानस में जनपदीय पुलिस के प्रति विश्वास की वृद्धि हुई है।

**अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी का विवरण:-**

- 02 अदद तमंचा 315 बोर
- 10 अदद कारतूस जिंदा 315 बोर
- 01 अदद लोहे की सरिया
- 01 अदद बांस का डण्डा
- 01 बैगनॉर कार संख्या **UP** 91**W** 0232

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व उनके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर थाना कुलपहाड़ में मु0अ0सं0 297/2024 धारा 310(4) BNS व 3/25 ए एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।




**गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरण एवं अपराधिक इतिहास:-**

1. दीपक तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम छिवौली थाना जरिया जिला हमीरपुर हाल निवास मुहल्ला विराट सिटी कस्बा व थाना राठ जिला हमीरपुर
   I.मु0अ0स0 0108/2021 धारा 147/148/149/188/269/270/286/291/307/323/325/504/506 भादवि व 51/57 आपदा अधि0 3 महामारी अधि0 थाना जरिया जनपद हमीरपुर
   II.मु0अ0स0 0333/2021 धारा 323/504 भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर
2. दिलीप राजपूत पुत्र जगभान उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कमालपुरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
   I.मु0अ0सं0 582/2024 धारा 115(2)/310(2)/324(4)/351(2)/352 BNS कोतवाली उरई जालौन
3. धीरेन्द्र राजपूत उर्फ लालू पुत्र सियाशरण उम्र 19 वर्ष निवासी मसूदपुरा थाना पनवाडी जनपद महोबा
   I. मु0अ0सं0 0189/2022 धारा 386/411/506 भादवि थाना पनवाडी जनपद महोबा
4. जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र रणजीत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सतारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
   I. मु0अ0सं0 0142/2022 धारा 323/354/504/506 भादवि व 3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)(va) SC/ST act थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
   II. मु0अ0सं0 0244/2020 धारा 13 जुआं अधि0 थाना कुलपहाड़ महोबा
5. रमजान पुत्र हल्के खां उम्र 25 निवासी ग्राम औता थाना राठ हाल निवास धूराम चौधरी (पूर्वविधायक) के मकान के पीछे गली में पठानपुरा कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण:-**

1. **SHO** कुलपहाड़ निरीक्षक अर्जुन सिंह
2.उ0नि0 अश्वनी कुमार मिश्रा 3.उ0नि0 दिनेश सिंह
4.उ0नि0 दिनेश तिवारी 5.उ0नि0 आकाश मौर्य
6.का0 अजय कुमार 7.का0 मनोज कुमार 8.का0 दिनेश कुमार सिंह

**जनपदीय एसओजी टीम-**

1.उ0नि0 शिव प्रताप सिंह 2.उ0नि0 रवि कुमार सिंह मय टीम

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सदर तहसील में मुख्यालय महोबा क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना करने वाले तथा डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 02.10.2024 को सदर तहसील महोबा में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व अपर जिलाधिकारी महोबा श्री रामप्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में मुख्यालय महोबा क्षेत्र में माँ दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करने वाले पण्डाल समिति के सदस्यों एंवं डीजे संचालकों के साथ मीटिंग आहूत की गई, इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा धर्मगुरुओं के साथ गहन समीक्षा के उपरांत सभी को शान्ति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं।

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अपने यहां स्थापित पण्डालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रुप से लगावा लें। अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु पण्डालों में फायर एक्सटिंग्विशर उपकरण, बालू एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। पण्डालों में लगे डीजे की ऊचाई/चौडाई अधिक न हो,आवाज कान फोड़ू न हो, कोई भडकाऊ/अश्लील संगीत न बजाया जाये। प्रतिमा विसर्जन निर्धारित समय एवं निर्धारित रुट पर होगा, सभी से आह्वान किया गया कि दिन में ही विसर्जन करा लें। कोई भी प्रतिमा विसर्जन जुलूस के आगे पटाखे/फायर क्रैकर आदि नहीं फोडेगा । सडक के बायी ओर निर्धारित रुट में ही चलेंगे जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से गतिमान बनी रहे। सभी वालिण्टियर की नियुक्ति करेंगे जो कि पण्डाल में उपस्थित रहकर पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाये रखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान पुलिस और प्रशासन के साथ जो धर्मगुरु थे उन्होने आह्वान किया कि नवरात्र के दौरान सभी सात्विक भोजन ग्रहण करें किसी भी मद्य पान का सेवन न करें इनसे दूर रहें।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नगर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रभारी थाना कोतवाली नगर श्री बलवान सिंह सहित में मुख्यालय महोबा क्षेत्र में माँ दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करने वाले पण्डाल समिति के सदस्य, डीजे संचालक एवं सम्भ्रान्त लोग मौजूद रहे।




